# मेरी ज़िन्दगी में क्या था । By Mukesh Bagda

मेरी ज़िन्दगी में क्या था तेरी दया से पहले
मैं बुझा हुआ दिया था तेरी दया से पहले
मेरी ज़िन्दगी में क्या था...........

मेरी ज़िन्दगी थी खाली जैसे सीप खाली होती
मेरी बढ़ गई है कीमत तूने भर दिए हैं मोती
मेरी कुछ नहीं थी कीमत तेरी दया से पहले
मैं बुझा हुआ दिया था तेरी दया से पहले
मेरी ज़िन्दगी में क्या था...........

दर दर भटक रहा था अपने गले लगाया
मुझे मिल गया ठिकाना तेरी शरण जो आया
मुझे कौन पूछता था तेरी बंदगी से पहले
मैं बुझा हुआ दिया था तेरी दया से पहले
मेरी ज़िन्दगी में क्या था...........

मुझे दर ना तेरा मिलता किसके मैं गीत जाता
जीवन था व्यर्थ मेरा ऐसे ही बीत जाता
ना ये सुर ना ये गला था तेरी कृपा से पहले
मैं बुझा हुआ दिया था तेरी दया से पहले
मेरी ज़िन्दगी में क्या था...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a5%e0%a4%be/